**Regarding Assembly in Dadra and Nagar Haveli**

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर **(**दादरा और नागर हवेली**) :** माननीय स्पीकर महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

मैं केन्द्र शासित प्रदेश दादरा नागर हवेली के बारे में बताना चाहूंती हूं । मेरा प्रदेश आदिवासी बाहुल्य प्रदेश है । प्रदेश में पंचायती राज होने के बावजूद यहां जिला पंचायत**,** पंचायत एवं नगर पालिका में अधिकार न होने की वजह से आज भी प्रदेश की जनता मूलभूत सुविधाओं, जैसे- अच्छी सड़कें, स्वच्छ पीने का पानी, सस्ती बिजली, अच्छी शिक्षा एवं रोजगार से वंचित है ।

महोदय, भारत सरकार की सभी स्कीम्स प्रदेश की जनता के घर-घर तक पहुंचे, साथ ही जनता को उनका हक और अधिकार मिले । विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में हमारे प्रदेश को भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के लिए पुन: असेंबली दिए जाने के संदर्भ में वर्ष 2014 में महामहिम उपराष्ट्रपति जी की अध्यक्षता में तथा स्टेंडिंग कमेटी ने भी दोनों प्रदेशों को पुन: विधान सभा देने की सिफारिश की थी । इस विषय को वर्ष 2019 एवं वर्ष 2021 में तत्कालीन सांसद मोहनभाई देलकर जी ने भी इस सदन में रखा था । यह मुद्दा तीसरी बार मैं आपके सामने रख रही हूं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति एवं भारत सरकार से निवेदन करती हूं कि इस विषय को गंभीरतापूर्वक लेकर इस पर उचित कार्यवाही की जाए । दादरा और नागर हवेली को पुन: असेंबली दिए जाने की दिशा में कार्य शुरू करने की कृपा करें ।

महोदय, जब तक असेंबली का गठन न हो जाए, तब तक सभी स्वराज संस्थाओं को पूर्ण अधिकार दिए जाएं । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । जय हिंद! जय दादरा नागर हवेली!